# सितंबर में बढ़ी वाहन बिक्री से उद्योगों ने ली राहत की सांस

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

देश की शीर्ष दो कार कंपनी मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर्स ने सितंबर में वाहन बिक्री में तेजी दर्ज की है। चालू वित्त वर्ष की शुरुआत में पहले पूर्णबंदी और उसके बाद धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था खुलने के बीच बिक्री में यह बढ़ोत्तरी कंपनियों के चेहरे पर रौनक लाने वाली है। कंपनियों के अनुसार यह पुनरूद्धार का संकेत है।

इनके अलावा टाटा मोटर्स, होंडा कार्स इंडिया, स्कोड ऑटो इंडिया और किआ मोटर्स की बिक्री में भी सुधार रहा। वहीं मानसून के अच्छे रहने और सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य में इजाफा करने के चलते ट्रैक्टर कंपनियों की समीक्षावधि भी मुनाफे में रही।

हालांकि टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एमजी मोटर जैसी कंपनियों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू बिक्री 32.2 फीसद बढ़ कर 1,52,608 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहले समान महीने में 1,15,452 इकाई थी।

वहीं समीक्षावधि में कंपनी की कुल बिक्री 30.8 फीसद बढ़कर 1,60,442 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने सितंबर 2019 में 1,22,640 वाहन बेचे थे। हालांकि कंपनी ने एक बयान में कहा कि सितंबर में उसके बिक्री प्रदर्शन को पिछले साल के निचले आधार प्रभाव के लिहाज से देखा जाए।

> *देश* की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू बिक्री 32.2 फीसद बढ़ कर 1,52,608 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहले समान महीने में 1,15,452 इकाई थी।

सितंबर कंपनी की मिनी कार ऑल्टो व एस-प्रेसो की बिक्री 35.7 फीसद बढ़कर 27,246 इकाई पर पहुंच गई, जो पिछले साल समान महीने में 20,085 इकाई थी।

वहीं कॉम्पैक्ट खंड में कंपनी के स्विफ्ट, सेलेरियो, इग्निस, बलेनो और डिजायर मॉडलों की बिक्री 47.3 फीसद बढ़कर 84,213 इकाई पर पहुंच गई, जो सितंबर, 2019 में 57,179 इकाई थी।

हालांकि कंपनी की मध्यम आकार की सेडान सियाज की बिक्री इस दौरान 10.6 फीसद घटकर 1,534 इकाई रही, जो एक साल पहले समान महीने में 1,715 इकाई थी।

सितंबर में कंपनी का निर्यात भी नौ फीसद बढ़ कर 7,834 इकाई रहा, जो पिछले साल समान महीने में 7,188 इकाई रहा था।

मारुति की प्रतिद्वंदी कंपनी हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआइएल) की घरेलू बिक्री सितंबर 2019 की 40,705 इकाइयों की तुलना में 23.6 फीसद बढ़ कर 50,313 इकाइयों पर पहुंच गई।

इस दौरान कंपनी की कुल बिक्री 3.8 फीसद बढ़कर 59,913 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने सितंबर 2019 में 57,705 वाहन बेचे थे।

हालांकि,इस दौरान कंपनी का निर्यात पिछले साल सितंबर की 17 हजार इकाइयों की तुलना में 43.5 फीसद घटकर 9,600 इकाइयों पर आ गया।

कंपनी के निदेशक (बिक्री, विपणन एवं सेवा) तरुण गर्ग ने कहा, 'बदलते कारोबारी माहौल में सालाना व मसिक आधार पर बिक्री में सुधार के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं।'

उन्होंने कहा कि कंपनी को भरोसा है कि त्योहारी सीजन में सकारात्मक ग्राहक भावनाओं के साथ बाजार में तेजी आएगी।

हालांकि सितंबर का महीना सभी कंपनियों के चेहरे पर खुशी लाने वाला नहीं रहा। कुछ कंपनियों की बिक्री मायूसी भरी भी रही।

**रेलवे** ने अपने माल ढुलाई ग्राहकों के लिए विशिष्ट रूप से एक पोर्टल तैयार किया है। इससे माल ढुलाई कराने वाले ग्राहक न केवल सीधे अधिकारियों से जुड़ सकेंगे, बल्कि वे इस पर अपनी शिकायतें भी दर्ज कर सकेंगे।

## शेयर सूचकांक ने लगाई 629 अंकों की छलांग

मुंबई, 1 अक्तूबर (भाषा)।

सकारात्मक घरेलू और वैश्विक रुख के बीच वित्तीय कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली से बीएसई सूचकांक में गुरुवार को 629 अंक का उछाल आया।

तीस शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 629.12 अंक यानी 1.65 फीसद मजबूत होकर 38,697.05 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 169.40 अंक यानी 1.51 फीसद उछलकर 11,416.95 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में इंडसइंड बैंक रहा। इसमें 12 फीसद से अधिक की तेजी आई। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और कोटक बैंक में भी अच्छी तेजी रही।

दूसरी तरफ जिन प्रमुख शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें आइटीसी, एनटीपीसी, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और ओएनजीसी शामिल हैं। आनंद राठी शेयर्स के इक्विटी शोध प्रमुख (फंडामेंटल) नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक रुख और उम्मीद से बेहतर पीएमआइ विनिर्माण आंकड़े से घरेलू बाजार बढ़त के साथ खुला।

## सितंबर में 95,480 करोड़ रुपए हुआ जीएसटी संग्रह

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

माल और सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सितंबर में 95,480 करोड़ रुपए रहा, जो चालू वित्त वर्ष में अब तक किसी एक महीने में किया गया सबसे अधिक जीएसटी संग्रह है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सितंबर 2020 का जीएसटी संग्रह पिछले साल के इसी महीने के कुल जीएसटी संग्रह से चार फीसद अधिक है। इस साल सितंबर में साल भर पहले की तुलना में माल के आयात से एकत्र कर 102 फीसद और घरेलू लेनदेन (सेवाओं के आयात सहित) से राजस्व संग्रह 105 फीसद रहा।

बयान में कहा गया, 'सितंबर 2020 के महीने में सकल जीएसटी राजस्व 95,480 करोड़ रुपए रहा। इसमें केंद्रीय जीएसटी 17,741 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 23,131 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी 47,484 करोड़ रुपए (माल के आयात से प्राप्त 22,222 करोड़ रुपए समेत) और उपकर 7,124 करोड़ रुपए (माल के आयात पर एकत्र 788 करोड़ रुपये सहित) रहा।' इससे पहले चालू वित्त वर्ष के दौरान जीएसटी से प्राप्त राजस्व अप्रैल में 32,172 करोड़ रुपए, मई में 62,151 करोड़ रुपए, जून में 90,917 करोड़ रुपए, जुलाई में 87,422 करोड़ रुपए और अगस्त में 86,449 करोड़ रुपए रहा था।

## सितंबर में 5.27 फीसद बढ़ा निर्यात

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि लगातार छह महीने की गिरावट के बाद देश का निर्यात सितंबर महीने में सालाना आधार पर 5.27 फीसद बढ़ कर 27.4 अरब डॉलर रहा।

उन्होंने कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था में तीव्र गति से पुनरूद्धार का संकेत है क्योंकि निर्यात का यह स्तर कोविड-19 पूर्व के स्तर से ऊपर निकल गया है। इससे पहले अगस्त महीने में देश के निर्यात में लगातार छठे महीने गिरावट आई और यह सालाना आधार पर 12.66 फीसद घटकर 22.7 अरब डॉलर रहा था।

## हीरो मोटोकॉर्प ने पूर्व वायुसेना अध्यक्ष धनोआ को स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया

नई दिल्ली, 1 अक्तूबर (भाषा)।

देश की सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने पूर्व वायु सेनाध्यक्ष बीएस धनोआ को कंपनी के निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी और स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गई है। धनोआ एक जनवरी, 2017 से 30 सितंबर, 2019 तक वायुसेना प्रमुख थे।

हीरो मोटोकॉर्प ने बयान में कहा कि इसके अलावा संजय भान को वैश्विक कारोबार का प्रमुख नियुक्त किया गया है। कंपनी ने कहा कि भान की नियुक्ति अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी से विस्तार और एकीकरण के लिए की गई है। भान इससे पहले तीन दशक से अधिक से कंपनी में विपणन, बिक्री, बाद सेवा, विपणन और कलपुर्जा कारोबार क्षेत्रों में काम कर चुके हैं।

---

**राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय**
**रंगमंडल**
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्तशासी संस्था)

**पहला सत्याग्रही**

नाटककारः रविन्द्र त्रिपाठी
निर्देशनः प्रो. सुरेश शर्मा
2, 3 एवं 4 अक्टूबर, 2020 सायं 6.30 बजे
**मुक्ताकाशी प्रेक्षागृह**
बहावलपुर हाउस, भगवानदास रोड, नई दिल्ली-110001

टिकट (रु. 50/-) केवल बुक माई शो के माध्यम से दिनांक 29 सितम्बर, 2020 से प्राप्त किए जा सकते हैं। कोविड 19 महामारी को ध्यान में रखते हुए केवल सीमित सीटें प्रत्येक मंचन की ही उपलब्ध हैं। 8 वर्ष से कम आयु के बच्चों का प्रवेश व खाद्य पदार्थ निषेध है।

**बिना मास्क के प्रवेश वर्जित।**

पूछताछः 011-23383420, 23031105
**davp 09130/11/0009/2021**

---

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति के लिये) [देखें नियम 8 (1)]

पीतमपुरा शाखा, ई-983, सरस्वती विहार, पीतमपुरा, दिल्ली-110034

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन (अधिनियम), 2002 (2002 के 54) के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 17.07.2020 जारी कर ऋणधारक- श्री अमरनाथ वर्मा, पुत्र श्री लाल चंद एवं श्रीमती ममता वर्मा, पत्नी अमरनाथ वर्मा, पताः डब्ल्यू- 3317/1, प्लॉट नं. 17, 2रा तल, ग्राम शकूरपुर, महिन्द्रा पार्क, दिल्ली- 110034 को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि 01.04.2020 को रु. 11,20,592.00 (रुपये ग्यारह लाख बीस हजार पांच सौ बानवे मात्र) के साथ 01.04.2020 से उस पर आगे के ब्याज, लागत, खर्चे तथा अन्य अनुषांगिक चार्जेज आदि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक/ गारन्टर इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/ गारन्टर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 28 सितम्बर, 2020 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित परिसम्पत्तियों/सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय 01.04.2020 को रु. 11,20,592.00 (रुपये ग्यारह लाख बीस हजार पांच सौ बानवे मात्र) के साथ 01.04.2020 से उस पर आगे के ब्याज, लागत, खर्चे तथा अन्य अनुषांगिक चार्जेज आदि के लिये बैंक ऑफ बड़ौदा, पीतमपुरा शाखा, ई-983, सरस्वती विहार, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034 के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

श्री अमरनाथ वर्मा एवं श्रीमती ममता वर्मा के नाम में उक्त सम्पत्ति के भवन के भू तल से ऊपरी तल तक कॉमन प्रवेश, कॉम पैसेज एवं सामूहिक सीढ़ियों के साथ नीचे की भूमि में फ्री होल्ड अधिकारों के साथ ग्राम शकूरपुर, दिल्ली, महिन्द्रा पार्क के नाम से विदित आबादी, शकूर बस्ती, दिल्ली- 110034 में स्थित निर्मित सम्पत्ति म्यूनिसिपल नं. डब्ल्यूजेड-3317, नया नं. डब्ल्यूजेड-3317/1, भूमि माप 34 वर्ग यार्ड्स (22-1 (2 एफटी* 14 एफटी), प्लॉट नं. 17, खसरा नं. 27/25/1 के भाग पर निर्मित सम्पत्ति में छत के अधिकार के साथ दूसरे तल की सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज जिसकी चौहद्दी हैः पूर्वः 15 फीट रोड, उत्तरः सम्पत्ति सं. 16, पश्चिमः सम्पत्ति का शेष भाग, दक्षिणः अन्य सम्पत्ति सं. 18

तिथिः 28.09.2020
स्थानः नई दिल्ली

मुख्य प्रबंधक/ प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

---

This is a public announcement for information purposes only and is not a Prospectus announcement and does not constitute an invitation or offer to acquire, purchase or subscribe to securities.
Not for release, publication or distribution directly or indirectly, outside India.

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

रेलटेल RAILTEL

# RAILTEL CORPORATION OF INDIA LIMITED

Our Company was incorporated as "*RailTel Corporation of India Limited*" on September 26, 2000, as a public limited company under the Companies Act, 1956, and the certificate of incorporation was issued by the Assistant Registrar of Companies, N.C.T. of Delhi and Haryana. Our Company received its certificate for commencement of business from the Deputy Registrar of Companies, N.C.T. of Delhi and Haryana on October 9, 2000. For details of changes in the registered office of our Company, see "*History and Certain Corporate Matters*" on page 142 of the draft red herring prospectus dated September 29, 2020 ("**DRHP**").

**Registered and Corporate Office:** Plate – A, 6th Floor, Office Block, Tower-2, East Kidwai Nagar, South Delhi, New Delhi 110023, India. **Contact Person:** Jasmeet Singh Marwah, Company Secretary and Compliance Officer; **Telephone:** +91 11 2290 0600; **E-mail:** cs@railtelindia.com; **Website:** www.railtelindia.com; **Corporate Identity Number:** U64202DL2000GOI107905

**OUR PROMOTER: THE PRESIDENT OF INDIA, ACTING THROUGH THE MINISTRY OF RAILWAYS, GOVERNMENT OF INDIA**

**INITIAL PUBLIC OFFERING OF UP TO [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH ("EQUITY SHARES") OF RAILTEL CORPORATION OF INDIA LIMITED (OUR "COMPANY" OR THE "ISSUER") THROUGH AN OFFER FOR SALE BY THE PRESIDENT OF INDIA, ACTING THROUGH THE MINISTRY OF RAILWAYS, GOVERNMENT OF INDIA (THE "SELLING SHAREHOLDER"), FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE) (THE "OFFER PRICE"), AGGREGATING TO ₹ [•] MILLION (THE "OFFER").**

**SUBJECT TO RECEIPT OF NECESSARY APPROVALS FROM THE GOVERNMENT OF INDIA ("GOI"), UP TO [•] EQUITY SHARES MAY BE RESERVED FOR ELIGIBLE EMPLOYEES (THE "EMPLOYEE RESERVATION PORTION"). THE OFFER LESS EMPLOYEE RESERVATION PORTION (IF ANY) IS REFERRED TO AS THE NET OFFER. THE OFFER WILL COMPRISE A NET OFFER OF UP TO 86,653,369 EQUITY SHARES AND THE EMPLOYEE RESERVATION PORTION OF UP TO [•] EQUITY SHARES. THE OFFER AND THE NET OFFER SHALL CONSTITUTE [•]% AND [•]% RESPECTIVELY OF THE POST OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**THE PRICE BAND, THE RETAIL DISCOUNT, EMPLOYEE DISCOUNT, AS APPLICABLE AND THE MINIMUM BID LOT SIZE WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY AND THE SELLING SHAREHOLDER IN CONSULTATION WITH THE BOOK RUNNING LEAD MANAGERS ("BRLMS"), AND WILL BE ADVERTISED IN ALL EDITIONS OF THE ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER [•] AND ALL EDITIONS OF THE HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER [•] (HINDI BEING THE REGIONAL LANGUAGE OF NEW DELHI WHEREIN THE REGISTERED OFFICE OF OUR COMPANY IS LOCATED), EACH WITH WIDE CIRCULATION, AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/ OFFER OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO BSE LIMITED ("BSE") AND NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED ("NSE", AND TOGETHER WITH BSE, THE "STOCK EXCHANGES") FOR THE PURPOSE OF UPLOADING ON THEIR RESPECTIVE WEBSITES.**

***Retail Discount of up to ₹ [•] per Equity Share to the Offer Price may be offered to the Retail Individual Bidders and Employee Discount of up to ₹ [•] per Equity Share to the Offer Price may be offered to the Eligible Employees Bidding in the Employee Reservation Portion.**

In case of any revision in the Price Band or in the case of force majeure, banking strike or similar circumstances, our Company may, for reasons to be recorded in writing, extend the Bid / Offer Period for at least three additional Working Days following such event, subject to the total Bid / Offer Period not exceeding ten Working Days. Any revision in the Price Band, and the revised Bid / Offer Period, if applicable, shall be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges by issuing a press release and also by indicating the change on the websites of the BRLMs and at the terminals of the Syndicate Members, and by intimation to Self-Certified Syndicate Banks ("**SCSBs**"), the Sponsor Bank, and other Designated Intermediaries, as applicable.

The Offer is being made in terms of Rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("**SCRR**"), read with Regulation 31 of the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018, as amended ("**SEBI ICDR Regulations**"). The Offer is being made through the Book Building Process in terms of Regulation 6(1) of the SEBI ICDR Regulations, wherein not more than 50% of the Net Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("**QIBs**") ("**QIB Portion**"), provided that our Company and the Selling Shareholder in consultation with the BRLMs, may allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors, on a discretionary basis (the "**Anchor Investor Portion**"), of which one-third shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds at or above the price at which Equity Shares are allocated to Anchor Investors. Further, 5% of the QIB Portion (excluding the Anchor Investor Portion) shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only and the remainder of the QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs (other than Anchor Investors), including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. Further, not less than 15% of the Net Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Offer shall be available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price (net of Retail Discount, if any). Subject to receipt of necessary approvals from GoI, up to [•] Equity Shares may be offered for allocation and Allotment on a proportionate basis to the Eligible Employees Bidding in the Employee Reservation Portion, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price(net of Employee Discount, if any). All Bidders (other than Anchor Investors) shall only participate in the Offer through the Application Supported by Blocked Amount ("**ASBA**") process by providing details of their respective bank account (including UPI ID for RIBs using UPI Mechanism) wherein the Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Anchor Investor Portion through the ASBA process. For details, see "*Offer Procedure*" on page 338 of the DRHP.

This public announcement is being made in compliance with the provisions of Regulation 26(2) of the SEBI ICDR Regulations to inform the public that our Company is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, an initial public offer of Equity Shares and has filed the DRHP with Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**") on September 30, 2020.

Pursuant to Regulation 26(1) of the SEBI ICDR Regulations, the DRHP filed with SEBI shall be made available to the public for comments, if any, for period of at least 21 days, from the date of filing of the DRHP, by hosting it on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, websites of the Stock Exchanges i.e., BSE at www.bseindia.com, NSE at www.nseindia.com and the websites of the BRLMs i.e., ICICI Securities Limited at www.icicisecurities.com; IDBI Capital Markets & Securities Limited at www.idbicapital.com and SBI Capital Markets Limited at www.sbicaps.com. Our Company hereby invites the public to give comments on the DRHP filed with SEBI with respect to disclosures made therein. The public is requested to send a copy of the comments sent to SEBI, to the Company Secretary and Compliance Officer of our Company and the BRLMs at their respective addresses mentioned below. All comments must be received by our Company or the BRLMs and/or the Company Secretary and Compliance Officer on or before 5:00 p.m. on the 21st day from the aforesaid date of filing the DRHP with SEBI.

Investment in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Offer unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this Offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Offer, including the risks involved. The Equity Shares in this Offer have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the DRHP. Specific attention of the investors is invited to "*Risk Factors*" on page 25 of the DRHP.

Any decision whether to invest in the Equity Shares described in the DRHP may only be made after a red herring prospectus for the same has been filed with the RoC and must be made solely on the basis of such red herring prospectus. The Equity Shares, when offered, through the red herring prospectus, are proposed to be listed on BSE and NSE.

For details of the share capital and capital structure of the Company, see "*Capital Structure*" beginning on page 76 of the DRHP. The liability of the members of our Company is limited. For details of the main objects of the Company as contained in the Memorandum of Association, see the chapter titled "*History and Certain Corporate Matters*" beginning on page 142 of the DRHP.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGERS | | | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|---|---|
| ICICI Securities | IDBI capital | | KFINTECH |
| **ICICI Securities Limited**<br>ICICI Centre, H.T. Parekh Marg<br>Churchgate, Mumbai 400 020<br>Maharashtra, India<br>**Telephone:** +91 22 2288 2460<br>**E-mail:** railtel.ipo@icicisecurities.com<br>**Website:** www.icicisecurities.com<br>**Contact person:** Shekher Asnani/ Rupesh Khant | **IDBI Capital Markets & Securities Limited**<br>6th Floor, IDBI Tower, WTC Complex,<br>Cuffe Parade, Mumbai 400 005<br>Maharashtra, India<br>**Telephone:** +91 22 2217 1700<br>**Email:** railtel.ipo@idbicapital.com<br>**Website:** www.idbicapital.com<br>**Contact Person:** Indrajit Bhagat/ Sumit Singh | **SBI Capital Markets Limited**<br>202, Maker Tower "E", Cuffe Parade, Mumbai 400 005<br>Maharashtra, India<br>**Telephone:** +91 22 2217 8300<br>**E-mail:** railtel.ipo@sbicaps.com<br>**Website:** www.sbicaps.com<br>**Contact Person:** Sambit Rath / Karan Savardekar | **KFin Technologies Private Limited**<br>*(formerly known as Karvy Fintech Private Limited)*<br>Selenium Tower-B, Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddi 500 032, Telangana, India<br>**Telephone:** +91 40 6716 2222<br>**E-mail:** einward.ris@kfintech.com<br>**Website:** www.kfintech.com<br>**Contact Person:** M Murali Krishna |

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the DRHP.

For **RAILTEL CORPORATION OF INDIA LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Company Secretary and Compliance Officer

Place : New Delhi
Date : October 1, 2020

**RAILTEL CORPORATION OF INDIA LIMITED** is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the DRHP with SEBI on September 30, 2020. The DRHP will be available on the websites of SEBI at www.sebi.gov.in, websites of the Stock Exchanges i.e., BSE at www.bseindia.com, NSE at www.nseindia.com and websites of the BRLMs at www.icicisecurities.com; www.idbicapital.com and www.sbicaps.com. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI for making any investment decision. The Equity Shares in the Offer have not been recommended or approved by SEBI, nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the DRHP. Specific attention of the investors is invited to "*Risk Factors*" beginning on page 25 of the DRHP.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "**U.S. Securities Act**") or any other applicable law of the United States and, unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are only being offered and sold outside the United States in offshore transactions in compliance with Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdiction where those offers and sales occur.

CONCEPT

---

**एचएफसीएल लिमिटेड**
**(पूर्व की हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशन्स लिमिटेड)**
**सीआईएनः L64200HP1987PLC007466**
**पंजीकृत कार्यालयः 8, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्पलेक्स, चम्बाघाट, सोलन-173 213 (हिमाचल प्रदेश)**
**वेबसाइटः www.hfcl.com, ई-मेलः secretarial@hfcl.com**
**दूरभाषः 91-1792-230644 फैक्सः 91-1792-231902**

**सूचना**

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसार एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के साथ-साथ वित्त वर्ष 2020-21 के 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त दूसरी तिमाही तथा छमाही हेतु कम्पनी के स्टैण्ड अलोन एवं समेकित आधार पर अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन के लिए एचएफसीएल लिमिटेड के निदेशक मण्डल की बैठक शनिवार, 10 अक्टूबर, 2020 को नई दिल्ली में आयोजित की जायेगी। सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग निषेध) विनियम, 2015 के प्रावधानों तथा कम्पनी के "आन्तरिक प्रक्रिया संहिता तथा निर्दिष्ट व्यक्तियों द्वारा प्रतिभूतियों में ट्रेडिंग के विनियमन, निगरानी तथा रिपोर्टिंग हेतु आचार संहिता" के अनुपालन में कम्पनी की प्रतिभूतियों में संव्यवहार करने के लिए ट्रेडिंग विंडो सभी निर्दिष्ट व्यक्तियों एवं इनसाइडरों हेतु पहले ही 01 अक्टूबर, 2020 को बन्द की जा चुकी है और यह 13 अक्टूबर, 2020 को पुनः खोली जायेगी।

कथित सूचना कम्पनी की वेबसाइट http://www.hfcl.com तथा स्टॉक एक्सचेंज-बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते एचएफसीएल लिमिटेड
(पूर्व की हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशन्स लिमिटेड)
ह./-
(मनोज बैद)
वरिष्ठ उपाध्यक्ष (कॉर्पोरेट) एवं कम्पनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 01.10.2020

---

**वंशी फार्म्स प्राईवेट लिमिटेड**
**आईएनसी-26**
**[कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]**
**केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र**
**कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के समक्ष**
**कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (ए) के मामले में**
**तथा**

वंशी फार्म्स प्राईवेट लिमिटेड ("कम्पनी") जिसका पंजीकृत कार्यालय एन, 3रा तल, ओल्ड दिल्ली रोड, गोल्डन जुबिली प्लाजा, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 में है, के मामले में
----आवेदक

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "हरियाणा राज्य" से "पंजाब राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को परिवर्तित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए बुधवार, 30 सितम्बर, 2020 को आयोजित असाधारण आमसभा में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत यह कंपनी केंद्र सरकार के पास आवेदन करने का प्रस्ताव करती है। कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के इस प्रस्तावित परिवर्तन से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, **वे एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in)** पर निवेशक शिकायत प्रपत्र दाखिल करें अथवा उसके नीचे वर्णित पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कंपनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 (चौदह) दिनों के भीतर अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के पतेः बी-2 विंग, 2रा तल, प. दीन दयाल अन्त्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली-110003 में जमा करें या जमा कराएं या पंजीकृत डाक से भेजें।

**पंजी. कार्यालय का पताः**
**एन, 3रा तल, ओल्ड दिल्ली रोड, गोल्डन जुबिली प्लाजा, गुरुग्राम, हरियाणा-122001**

आवेदक के लिए तथा उसकी ओर से
वंशी फार्म्स प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./-
सचिन कुमार गर्ग
निदेशक
**DIN: 05106926**

तिथिः 30.09.2020
स्थानः दिल्ली

---

# मारीएना इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

(सीआइएन.:U70102DL2007PLC169538, वेबसाईटःhttp://www.indiabullsrealestate.com
सी/ओ जुवेंटस एस्टेट लिमिटेड
448-451, उद्योग विहार, फेज - V, गुरुग्राम - 122001

**सार्वजनिक सूचना**

जैसाकि, डायरेक्टर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा ("डीटीसीपी") ने ज्ञापन सं.- i) 10514 दिनांक 22.06.2020, ii) 15495 दिनांक 02.09.2020, iii) 15498 दिनांक 02.09.2020 और iv) 16510 दिनांक 17.09.2020 द्वारा भूमि क्षेत्र कमशः i) लाइसेंस नं 43 दिनांक 16.06.2014 में 0.25 एकड़, ii) लाइसेंस नं 44 दिनांक 16.06.2014 में 1.9625 एकड़, iii) लाइसेंस नं 56 दिनांक 23.06.2011 में 3.875 एकड़, iv) लाइसेंस नं 37 दिनांक 22.04.2012 में 4.00 एकड़ जमीन, कुल भूमि 10.0875 एकड़, 34.0229 एकड़ ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी, सेक्टर -104, गुरुग्राम, का एक हिस्सा मारियाना इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से जुवेंटस एस्टेट लिमिटेड के नाम लाइसेंस हस्तांतरण के संबंधित सैंद्धान्ति मंजूरी प्रदान कर दी गई है। जोकि ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी ('कथित कॉलोनी') 'वन इंडियाबुल्स, गुड़गाँव' नाम से प्राप्त लाइसेन्स व रेरा पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या 160(ए)/2017 दिनांक 21.11.2017 में दिये नियमों और शर्तों के तहत विकसित कर रहा है।

और जबकि, कई व्यक्तियों ('मौजूदा आवंटियों') ने उक्त कॉलोनी में फ्लैटों/इकाइयों के आवंटन के लिए बुकिंग की है।

और जबकि, लाइसेंस प्राप्त भूमि के हस्तांतरण के लिए अंतिम अनुमति प्रदान करने से पहले, डीटीसीपी कार्यालय आरईआरए अधिनियम/एचआरईआरए नियमानुसार मौजूदा आवंटियों से, यदि उन्हें कोई आपत्ति हो, वह जानना चाहता है।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना द्वारा 10.0875 एकड़ लाइसेंस प्राप्त भूमि के प्रस्तावित हस्तांतरण पर उक्त ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी में मौजूदा आवंटियों से यदि उन्हें कोई आपत्ती है, वह आमंत्रित की जाती है। लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी क्षेत्र के हस्तांतरण के लिए सैद्धान्तिक अनुमोदन की एक प्रति को कंपनी की वेबसाइट यानी http://www.indiabullsrealestate.com पर डाला गया है और मौजूदा आवंटियों की सुविधा के लिए सीनियर टाउन प्लानर, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर -14, गुरुग्राम के कार्यालय में भी रखा गया।

किसी भी मौजूदा आवंटी (ओं) को प्रस्तावित लाइसेंस हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है, तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ टाउन प्लानर, गुरुग्राम के कार्यालय में या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपनी/अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। असफल होना यह माना जाएगा कि लाइसेंस प्राप्त भूमि के प्रस्तावित हस्तांतरण पर कोई आपत्ति नहीं है और इसके अनुसार मौजूदा आवंटियों की डीमड सहमति को माना जाएगा, जैसा कि लाइसेंस हस्तांतरण के अंतिम अनुमोदन के लिए आरईआरए अधिनियम की धारा 15 (1) (2) के तहत आवश्यक है।

स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 02.10.2020

(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
मारियाना इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

---

**अनुसूची II**
**"प्रपत्र ख"**
**सार्वजनिक घोषणा**
**[दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 का विनियम 12]**
**न्यूटेक इण्डिया लिमिटेड के हितधारकों के अवधानार्थ**

| क्र. सं. | शीर्षक | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | **मैसर्स लाइफस्टाइल फिटनेस प्राइवेट लिमिटेड** |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 28.12.2011 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज रा.रा.क्षे. दिल्ली एवं हरियाणा |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U92419DL2011PTC229377 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 62-एस एसएफएस एम.आई.जी. डीडीए फ्लैट्स, मोतिया खान, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055 |
| 6. | परिसमापन प्रक्रिया की अन्तिम तिथि | 21.09.2020 (02.07.2019 से 447 दिन अर्थात सीआईआरपी प्रारम्भ करने हेतु आदेश की प्रमाणित प्रति 14.06.2019 को प्राप्त हुई) |
| 7. | कार्पोरेट देनदार के परिसमापन के आरंभन की तिथि | 30.10.2020 (परिसमापन आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने की तिथि 30.09.2020 है) |
| 8. | परिसमापक का नाम, पता, ई-मेल पता, दूरभाष नम्बर तथा पंजीकरण संख्या | कमल अग्रवाल<br>487/27 स्कूल रोड, निकट पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली-110087<br>ई-मेल : advocate.kamal.aggl@gmail.com, www.karnalagarwal.in<br>मोबाइल : 9811138823<br>IBBI/IPA-001/IP-P00868/2017-18/11466 |
| 9. | दावे प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 30.10.2020 |

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण (नई दिल्ली पीठ III) ने दिनांक 21.09.2020 को मैसर्स लाइफस्टाइल फिटनेस प्राइवेट लिमिटेड की परिसमापन प्रक्रिया को प्रारम्भ करने का आदेश दिया है जिसकी प्रमाणित प्रति 30.09.2020 को प्राप्त हुई।

एतद्वारा मैसर्स लाइफस्टाइल फिटनेस प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों को मद सं. 8 के सम्मुख उल्लिखित परिसमापक के पते पर प्रमाण सहित अपने दावे का प्रमाण 30.10.2020 को या इससे पूर्व प्रस्तुत करने का आह्वान किया जाता है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दण्डनीय होगी।

तिथि : 02.10.2020
स्थान : नई दिल्ली

ह./-
(कमल अग्रवाल)
परिसमापक,
**IBBI/IPA-001/IP-P00868/2017-18/11466**

दावों के प्रस्तुतीकरण हेतु प्रासंगिक प्रपत्र https://ibbi.gov.in/home/downloads, www.kamalaaar-wal.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

प्रपत्र सी-प्रचालनात्मक लेनदार, प्रपत्र डी-वित्तीय लेनदार, प्रपत्र ई-कामगार/कर्मचारी, प्रपत्र एफ-कामगार/कर्मचारी के अधिकृत प्रतिनिधि, प्रपत्र जी-अन्य हितधारक।

www.readwhere.com